# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**महाशिवरात्रि आज**

## तीन ग्रहों की युति संग बुधादित्य योग

### अंतिम बार 1965 में निर्मित हुई थी ग्रहों की ये दशा

### 60 वर्ष पश्चात निर्मित हो रहा है त्रिग्रही योग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधी रात बाद से महाशिवरात्रि का धार्मिक जलसा शुरू हो गया। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो आज महाशिवरात्रि पर 60 वर्ष बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसमें तीन ग्रहों की युति बन रही है। वहीं, विशेष ग्रह योग जैसे त्रिग्रही योग और बुधादित्य योग बनेंगे। ऐसा योग अंतिम बार 1965 में देखा गया था। इस योग में शिव साधना करने वालों को मनोवांछित फल मिलेगा। वर्ष 1965 के बाद यह दूसरा मौका है, जब महाशिवरात्रि धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और ▶▶|शेष पेज 4 पर

### केवल दूध, जल और बेलपत्र ही पर्याप्त

शिवलिंग का क्षरण रोकने के लिए प्रतिष्ठित शिव मंदिर के पुजारियों और महंत ने भक्तों से गुहार लगाते हुए कहा है कि, भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए दूध, जल और बेलपत्र ही पर्याप्त है। महाकालेश्वर उज्जैन के महेश पुजारी ने कहा, वे चीजें शिवलिंग पर चढ़ाएं जिससे शिव प्रसन्न हों ना कि वो जिससे शिवलिंग का नुकसान पहुंचे। शिव मंदिर सरोना के ▶▶|शेष पेज 4 पर

**हजारों साल पुराने शिवलिंग के गर्भगृह में जाने पर लगी है रोक**

# क्षरण रोकने कुलेश्वर महादेव शिवलिंग पर चढ़ा है 28 किलो पत्थर का बुरादा

**हरिभूमि न्यूज/राजिम।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में तीन नदियों के संगम के बीच स्थित भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव के विश्व प्रसिद्ध मंदिर के शिवलिंग में हो रहे लगातार क्षरण को रोकने के लिए सन 2019 में केद्रीय अफसरों के निर्देश राज्य अधिकारियों द्वारा दिए गए 28 किलो के विशेष पत्थर का बुरादा बनाकर चढ़ाया गया था। उसके बाद श्रद्धालुओं के गर्भगृह में जाने पर रोक लगा दी गई थी, ताकि हजारों साल पुराने शिवलिंग के दर्शन व आशीर्वाद का पुण्य श्रद्धालुओं को मिल सके। त्रेता युग में भगवान श्रीरामचंद्र जी, माता जानकी और लक्ष्मण जब वनगमन के लिए निकले थे। मान्यता अनुसार माता जानकी ने इस शिवलिंग को बनाया ▶▶|शेष पेज 4 पर



### आज तड़के खुल जाएगा पट

सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर ने बताया कि आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान श्री राजीव लोचन का मंदिर एवं भोलेनाथ कुलेश्वरनाथ महादेव का मंदिर तड़के 3 बजे खुल जाएगा। श्रृंगार होगा,मंगल आरती होगी। उसके बाद आधा घंटा के लिए मंदिर का पट बंद किया जाएगा। बताया कि दोपहर 12 बजे श्री राजीव लोचन मंदिर से बाजे-गाजे के साथ ध्वज लेकर कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर ▶▶|शेष पेज 4 पर

आज जुटेंगे प्रदेशभर के शिवभक्त कलाकार, देंगे भगवान के अलग-अलग रूपों पर नृत्य की प्रस्तुति

## 13वीं शताब्दी में बने देवबलौदा मंदिर में भोरमदेव की झलक



*भिलाई। प्राचीन शिवमंदिर देवबलौदा में भोरमदेव शिव मंदिर की झलक दिखाई पड़ती है। लंबे समय तक अनदेखी के बाद इस मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। बीएसपी और सेल के सहयोग से करीब करीब 3 करोड़ की लागत से मंदिर का कायाकल्प किया जा रहा है। धौलपुर के लाल पत्थरों से पूरे प्रांगण को सुंदर बनाया जा रहा है। बता दें कि इस मंदिर में प्रतिवर्ष शिवरात्रि पर प्रदेशभर के कलाकार जुटते हैं। भगवान शिव के अलग-अलग रूपों को नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित करते हैं। इस बार भी आयोजन को लेकर देवबलौदा मंदिर में भव्य तैयारियां की गई है। देश-विदेश के इस आयोजन को देखने के लिए लोग पहुंचते हैं। 13-14 वीं शताब्दी के* ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**कोलकाता।** ओडिशा के पुरी के पास मंगलवार की सुबह भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। इसकी तीव्रता 5.1 मापी गयी। भूकंप बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहराई पर आया। आईएमडी ने कहा कि भूकंप का झटका 19.52 उत्तरी अक्षांश और 88.55 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया।

### कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच बस सेवा सस्पेंड

**बेलगावी।** बसों और उनके कर्मियों पर हुए हमलों के बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम ने भी कर्नाटक के लिए अपनी बस सेवाएं बंद कर दी हैं। इस बीच, नारायण गौड़ा के नेतृत्व वाली 'कर्नाटक रक्षण वेदिके' ने मंगलवार को 'बेलगावी चलो' का आह्वान किया।

# कांग्रेस भवन पहुंची शराब घोटाले की आंच रायपुर से सुकमा तक ईडी कर रही जांच

*शराब घोटाले मामले की जांच आखिरकार कांग्रेस दफ्तर पहुंच गई। जांच एजेंसी ईडी को सुकमा में बने कांग्रेस भवन में कथित तौर पर शराब घोटाले का पैसा लगे होने का शक है, इसीलिए बुधवार को ईडी के अफसर प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंचे। चार सदस्यीय ईडी टीम ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह से बंद कमरे में पूछताछ की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बताया गया है कि ईडी के अफसरों ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री से चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। सुकमा और कोंटा कांग्रेस कार्यालय के निर्माण में लगे पैसों की जानकारी मांगी गई है। प्रभारी महामंत्री को समन देकर 27 फरवरी को सुबह ईडी कार्यालय में जवाब देने कहा है।

ईडी के अधिकारियों की रवानगी के बाद कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंग गेंदू ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी राजीव भवन पहुंचे थे। उन्होंने कोंटा और सुकमा जिले के राजीव ▶▶|शेष पेज 4 पर

### राजीव भवन में पूछताछ, गेंदू को समन, 27 को बुलाया



### ईडी का दावा डिजिटल साक्ष्य की जांच में खुलासा

*ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की थी। इसमें यह बात सामने आई थी कि कवासी लखमा को हर महीने दो करोड़ रुपए कमीशन के तौर पर मिलते थे। करीब* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जहां भ्रष्टाचार का पैसा लगा वहां पड़ा छापाः विजय



कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में छापे पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, ईडी का छापा वहां पड़ा है, जहां भ्रष्टाचार का पैसा लगा है। कोई व्यक्ति बड़ा है, तो उसके सामने कानून छोटा नहीं होता। सालभर से छापा पड़ने के डॉ. महंत के बयान पर कहा, उन्होंने जितना नोट छापा है, उसके विरुद्ध ये छापा है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ईडी एकात्म परिसर जाकर दिखाएः भूपेश



*शराब घोटाला मामले में राजीव भवन पहुंची ईडी के मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बयान दिया कि हिम्मत है, तो ईडी एकात्म परिसर जाकर दिखाए। 1 रुपए फीट की जमीन पर करोड़ों किराया वसूल रहे हैं। सरकार डिस्टलरियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती? अब सुप्रीम कोर्ट ने डिस्टलरियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने कहा है।*

**कौतुहल के साथ डर भी**

## छुरिया की पहाड़ी में दिखा दुर्लभ ब्लैक पैंथर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरिया/राजनांदगांव

**खास खबर**

छुरिया स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर की पहाड़ी में पिछले एक हफ्ते से दुर्लभ ब्लैक पैंथर की चहल-कदमी से दहशत की स्थिति निर्मित है। मंगलवार की शाम काले पैंथर के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### छुरिया में मुनादी

ब्लैक पैंथर की चहल-कदमी की पुष्टि होने के बाद वन विभाग का अमला अलर्ट हो गया है। डीएफओ आयुष जैन ने हरिभूमि को बताया कि यह बेहद दुर्लभ प्रजाति का पैंथर है। उन्होंने कहा कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

### गुफा से बाहर आया पैंथर

छुरिया की पहाड़ी में पिछले एक हफ्ते से काले पैंथर होने की चर्चाएं चल रही थी। बताया जाता है कि मंदिर पहुंचे कुछ लोगों ने इसे गुफा के समीप देखा था। उन्होंने फारेस्ट अमले को इसकी जानकारी दी थी। आज शाम पहली बार इस ब्लैक पैंथर के चट्टान में बैठे हुए देखे जाने से दहशत की स्थिति निर्मित है।

**सरपंच की जीत के जश्न मनाने के दौरान हुआ हादसा**

# सांसद के काफिले की गाड़ी ने युवकों को ठोका, तीन की मौत

*अंतागढ़ के पोड़गांव के पास सोमवार की रात को सांसद भोजराज नाग के काफिले के वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में गिरधारी समरथ (22), निवासी समरथपारा पोडगांव, खुमेंद्र समरथ (24), मारीपारा पोडगांव और तामेश्वर देहारी (20), देहारी टोपाल पोड़गांव के निवासी थे। सड़क दुर्घटना में पायलट वाहन में सवार दो जवानों को भी मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/अंतागढ़

जानकारी के अनुसार सांसद का काफिला सोमवार 24 फरवरी की रात भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ के लिए निकला था। लगभग पौने 9 बजे के आसपास अंतागढ़ थाना क्षेत्र के पोडगांव पहुंचने के एक किलोमीटर पहले ही फॉलो वाहन ने बाइक सीजी 19 बीआर 7901 को टक्कर मार दी, जिससे बाइक में सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए। इस हादसे में मौके पर ही गिरधारी समरथ की मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल थे। गंभीर रूप से घायल खुमेंद्र समरथ और तामेश्वर देहारी और पायलट वाहन के दो जवान हवलदार अजीत गुप्ता और आरक्षक जशवंत राम को संजीवनी एक्सप्रेस से ▶▶|शेष पेज 4 पर







### जीत का जश्न मनाने के दौरान हुआ हादसा

*बताया जा रहा है पटेलपारा में नव निर्वाचित सरपंच भेष नारायण बघेल की जीत पर सोमवार को दोपहर से ही जश्न चल रहा था। जीत के जश्न पर लगे डीजे में उनको डांस भी करते देखा गया था। इसी बीच युवक शाम को पोड़गांव की ओर आ गए थे और रात 8.45 बजे वापस पटेलपारा आ रहे थे। स्टेट हाईवे से जैसे ही पटेलपारा* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मृतकों का कराया गया पीएम

*थाना प्रभारी विकासचंद्र राय ने बताया सांसद का काफिला भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ की ओर आ रही थी। पोड़गांव के पास विपरीत दिशा से एक बाइक में 3 लोग सवार होकर पोड़गांव से पटेलपारा जाने के लिए निकले थे, तभी यह हादसा* ▶▶|शेष पेज 4 पर

**सीबीएसई का बड़ा फैसला**

## 2026 से साल में दो बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीएसई ने 2026 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित करने से जुड़े मसौदा नियमों को मंगलवार को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि मसौदा नियमों को सार्वजनिक मंच पर डाला जाएगा और हितधारक नौ मार्च तक अपनी राय दे सकते हैं, जिसके बाद नीति को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मसौदा नियमों के मुताबिक, 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का पहला चरण 17 फरवरी से छह मार्च 2026 ▶▶|शेष पेज 4 पर





### एक ही परीक्षा केंद्र

छात्रों को दोनों चरणों के लिए एक ही परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाएगा। परीक्षा शुल्क में वृद्धि की जाएगी और आवेदन दाखिल करते समय छात्रों से दोनों परीक्षाओं का शुल्क लिया जाएगा। बोर्ड परीक्षा का पहला और दूसरा चरण पूरक परीक्षा के रूप में भी काम करेगा और किसी भी परिस्थिति में कोई विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

### छात्रों के पास तीन विकल्प

- साल में एक बार परीक्षा दें
- दोनों परीक्षाओं में शामिल हों
- किसी सब्जेक्ट में अच्छा परफॉर्म न कर पाने पर, दूसरी परीक्षा में उस विषय का दोबारा एग्जाम दें।








**सिख विरोधी दंगा**

## पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगे से जुड़े हत्या के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की कथित हत्या के मामले में यह फैसला सुनाया। इस संबंध में विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है। अदालत ने 12 फरवरी को कुमार को अपराध के लिए दोषी ठहराया और मृत्युदंड की सजा वाले मामलों में ऐसी रिपोर्ट के अनुरोध के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के आदेश के मद्देनजर तिहाड़ केंद्रीय जेल से कुमार के मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन पर रिपोर्ट मांगी।



बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति, भिलाई (छ.ग.) रजि. 4438
भिलाई TIMES
IBC24
inh 24x7
BANSAL NEWS
LIVE STREAMING
दोपहर 02:00 बजे से
26
फ़रवरी 2025, बुधवार
11:00 बजे
इंदिरा नगर हथखोज से प्रारंभ
महाशिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
भोले बाबा की
भव्य बारात
दया सिंह
प्रदेश अध्यक्ष - बोल बम सेवा
एवं कल्याण समिति, भिलाई
प्रदेश अध्यक्ष - बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति, भिलाई

रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 23, अंक : 221 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



*विश्व के सबसे बड़े धार्मिक कुंभ का आज आखिरी दिन, टूट गए सारे रिकार्ड बने नए कीर्तिमान*

## 62 करोड़ श्रद्धालु लगा चुके हैं डुबकी

अब तक महाकुंभ में 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। महाकुंभ के आखिरी दिन किसी भी श्रद्धालु को स्नान के दौरान समस्या न हो, इसके लिए उच्च स्तर के अधिकारियों को तैनात किया गया है।

## सेलिब्रिटियों ने भी लगाई डुबकी

अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ के अलावा रवीना टंडन भी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में शामिल हुईं। बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना ने अपनी बेटी राशा संग संगम में स्नान किया और स्वामी चिदानंद सरस्वती का आशीर्वाद लिया। मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी भी अपने पति के साथ महाकुंभ में पहुंची हैं। यहां पहुंचकर ईशा अंबानी ने अपने पति के साथ मां गंगा में डुबकी लगाई और आर्शीवाद लिया।



ईशा अंबानी अपने पति के साथ पहुंची



रवीना ने अपनी बेटी राशा संग लगाई डुबकी

## नो-व्हीकल जोन

महाशिवरात्रि और महाकुंभ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंगलवार को शाम चार बजे से मेला क्षेत्र और शाम छह बजे से कमिश्नरेट प्रयागराज को "नो-व्हीकल जोन" घोषित किया गया है। हालांकि, मेला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यातायात प्रतिबंधों के बावजूद, दूध, सब्जी, दवा, पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति, एंबुलेंस और सरकारी सेवाओं (पुलिस, डॉक्टर, प्रशासन) से जुड़े वाहनों के आवागमन पर कोई रोक नहीं रहेगी। इन आवश्यक सेवाओं के निर्बाध संचालन की व्यवस्था की गई है। पांटून पुलों का संचालन भीड़ के अनुसार होगा।

# आस्था के सागर में डूबी देश की आधी आबादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महाकुंभनगर

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक उत्सव महाकुंभ का बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन अंतिम 'स्नान' के साथ समापन हो जाएगा। प्रयागराज में आयोजित भव्य और दिव्य महाकुंभ के अंतिम दिन, बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की है। व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए एडीजी (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश और आईएएस आशीष गोयल मंगलवार को महाकुंभ पहुंचे। उनके साथ चार एडीजी, सात आईजी और तीन डीआईजी रैंक के अधिकारी भी तैनात हैं। एडीजी अमिताभ यश ने अधिकारियों के साथ बैठक की।




### श्रद्धालुओं के लिए तय किए घाट

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से प्रशासन ने प्रवेश मार्गों के अनुसार स्नान घाटों का निर्धारण किया है। इसके अंतर्गत झूसी से आने वाले श्रद्धालु दक्षिणी झूसी के श्रद्धालु संगम द्वार ऐरावत घाट पर स्नान करेंगे। वहीं, उत्तरी झूसी के श्रद्धालु संगम हरिश्चंद्र घाट एवं संगम ओल्ड जीटी घाट का उपयोग करेंगे। परेड क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार भरद्वाज घाट, संगम द्वार नागवासुकी घाट, संगम द्वार मोरी घाट, संगम द्वार काली घाट, संगम द्वार रामघाट और संगम द्वार हनुमान घाट पर स्नान करेंगे। मेला प्रशासन के अनुसार, अरैल क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार अरैल घाट पर स्नान करेंगे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने प्रवेश मार्ग के निकटतम घाट पर स्नान करें ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे और यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सवाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पाक की जेल से रिहा 22 मछुआरे गुजरात पहुंचे



**अहमदाबाद।** पाक की कराची जेल से रिहा किए गए 22 भारतीय मछुआरे गुजरात के गिर सोमनाथ पहुंचे। उन्होंने स्वदेश लौटने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि पाकिस्तान की जेलों में बंद अन्य भारतीय मछुआरों की रिहाई की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

### ट्रक की चपेट में आकर दो भाइयों की मौत





**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। चंदन कुमार, सूरज और रघुनंदन शटरिंग का काम करते थे और शनिवार को एक साथ लखनऊ गए थे।

### छात्रावास में रात्रि भोजन के बाद 50 छात्र बीमार



**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में भोजन करने के बाद 50 से अधिक छात्र कथित तौर पर खाद्य विषाक्तता के कारण बीमार हो गए।

### छात्रावास में 10वीं कक्षा की छात्रा बनी मां



**मलकानगिरी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में एक सरकारी आवासीय स्कूल के छात्रावास में 10वीं कक्षा की एक छात्रा के एक बच्चे को जन्म देने के बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। बोर्ड परीक्षा देने के बाद छात्रावास लौटने पर छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया।

### शव नदी में फेंकते पकड़ी गईं महिलाएं



**कोलकाता।** कोलकाता के अहिरीटोला इलाके में मंगलवार को दो महिलाओं को सूटकेस के जरिए मानव अंगों को हुगली नदी में फेंकते हुए पकड़ा गया। स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि दोनों महिलाएं एक टैक्सी से अहिरीटोला घाट पहुंची थीं।

दिल्ली विधानसभा में पिछली सरकार के 14 कार्यों की लंबित रिपोर्ट पेश

# कैग रिपोर्ट पेश, 'आप' की शराब नीति से 2000 करोड़ का घोटाला

*दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान लागू की गई नई शराब नीति पर नियंत्रक एवं मसहालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को काफी समय तक लंबित रहने के बाद मंगलवार को विधानसभा में पेश किया गया। रिपोर्ट में कई तरह की गड़बड़ियों और इससे सरकारी खजाने को 2000.68 करोड़ रुपए के नुकसान की बात कही गई है। इसी मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल जा चुके हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण के बाद नियंत्रक एवं मसहालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश की गई। विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़ी कैग की रिपोर्ट सदन के पटल पर रख दी।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) के पास भेजने की बात कही है। माना जा रहा है कि इसके बाद ▶▶|शेष पेज 4 पर



### शराब के कुछ ब्रांड को बढ़ावा दिया

दिल्ली विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि 367 पंजीकृत आईएमएफएल ब्रांड में से 25 ब्रांडों की दिल्ली में कुल शराब की बिक्री में लगभग 70 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

### तलब किए जा सकते हैं केजरीवाल और सिसोदिया

जानकारों का कहना है कि सीएजी रिपोर्ट पीएसी के पास जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आबकारी मंत्री रहे मनीष सिसोदिया के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें एक बार फिर इस मामले में सवाल-जवाब का सामना करना पड़ सकता है।

### कैग रिपोर्ट के मुख्य अंश

- आबकारी राजस्व को 2,002.68 करोड़ रुपए का नुकसान
- लाइसेंस नियमों का उल्लंघन
- थोक विक्रेताओं का मुनाफा पहले के 5 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत किया गया
- सत्यापन के बिना खुदरा शराब लाइसेंस
- विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें बदल दी गईं
- शराब के खुदरा व्यापार में एकाधिकार
- राजस्व संबंधी प्रमुख निर्णय एलजी की राय के बिना
- 51 प्रतिशत विदेशी शराब की गुणवत्ता पर सवाल

### आतिशी ने भाजपा पर लगाए आरोप



आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने दिल्ली विधानसभा में पेश कैग रिपोर्ट के आधार पर आप सरकार की नई एक्साइज पॉलिसी की सफलता का दावा करते हुए भाजपा और अन्य संबंधित एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए। आतिशी ने बताया कि पुरानी एक्साइज पॉलिसी में शराब के ठेकेदारों द्वारा गलत तरीके से मुनाफा कमाया जा रहा था। रिपोर्ट के चैप्टर 5 में यह साफ तौर पर कहा गया कि शराब के ठेकेदार 28 फीसदी से ज्यादा भ्रष्टाचार कर रहे थे और शराब की वास्तविक मात्रा को कम दिखाकर ज्यादा मुनाफा कमा रहे थे। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में पुरानी शराब नीति के तहत हरियाणा और उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से शराब लाई जाती थी।

## सदन में सीएम बोले- राप्रसे के भ्रष्ट अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे, कार्रवाई होगी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य प्रशासनिक सेवा के भ्रष्ट अधिकारियों पर जांच और कार्रवाई के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, मैं विश्वास दिलाता हूं कि कोई भी अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। विधानसभा में एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य प्रशासनिक सेवा के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई तेज होगी। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।



■ कौशिक के सवाल लगने पर मुख्यमंत्री ने दिया जवाब

विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने सवाल किया कि राज्य प्रशासनिक सेवा के कितने अधिकारियों के खिलाफ किन-किन मामलों में एसीबी और ईओडब्ल्यू में अपराध दर्ज है? विभागीय जांच किन-किन के खिलाफ हो रही है? कौशिक ने कुछ अधिकारियों का नाम लेते हुए कहा, उन पर कार्रवाई सवाल लगाने के बाद हुई है, इसी से गंभीरता समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाब देते हुए कहा, हमने सुशासन और अभिशरण विभाग का गठन किया है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि कोई भी अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी 2025 की स्थिति में राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रथम श्रेणी अफसरों पर 2019 से ईओडब्ल्यू, एसीबी तथा राज्य शासन द्वारा की जा रही विभागीय जांच की कार्रवाई तेज होगी।

हाईकोर्ट का आदेश

## 28 साल बाद मिलेगा गरीब किसानों को हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

गरीब भूमिहीन किसानों को 5 मई 1997 को आवंटित की गई शासकीय भूमि का कब्जा दिलाने के मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुंगेली जिले के कलेक्टर और तहसीलदार को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया है कि किसानों की पट्टे वाली जमीन को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर बटांकन और सीमांकन की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके बाद याचिकाकर्ताओं को उनकी भूमि का वास्तविक कब्जा दिलाया जाए। याचिका के मुताबिक रामेश्वर पुरी गोस्वामी ▶▶|शेष पेज 4 पर



## बागेश्वर धाम पहुंचे सीएम साय...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को बागेश्वर धाम छतरपुर पहुंचे। सीएम साय ने बागेश्वर धाम पहुंच कर बालाजी सरकार के दर्शन किए और पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात कर उनका भी आशीर्वाद लिया। श्री साय के साथ डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

## लालू, तेज प्रताप समेत 78 आरोपी दिल्ली कोर्ट में तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे में कथित लैंड फॉर जॉब घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेज प्रताप, बेटी हेमा यादव समेत 78 आरोपियों को तलब किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी की सभी चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सभी आरोपियों को 11 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने मंगलवार को आरोपियों को समन जारी किया।

■ लैंड फॉर जॉब मामले में समन



### तीन चार्जशीट

पहली चार्जशीट में तीन अतिरिक्त आरोपियों को भी शामिल कर उन्हें समन भेजा गया है। वहीं, दूसरी चार्जशीट में लालू के ओएसडी रहे भोला यादव और प्रेम चंद गुप्ता को तलब किया गया। इसी तरह तीसरी चार्जशीट में तेज प्रताप और हेमा यादव को समन किया गया।

नीट पीजी क्वॉलिफाइंग कटऑफ फिर घटा

# 5 पर्सेंटाइल वाले भी होंगे काउंसलिंग में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने एक बार फिर से नीट पीजी 2024 के लिए मिनिमम क्वालिफाइंग कटऑफ पर्सेंटाइल में कटौती की है। एमसीसी ने कहा है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार नीट पीजी काउंसेलिंग 2024 के लिए क्वालिफाइंग कटऑफ पर्सेंटाइल को फिर से कम कर दिया गया है। फैसले के मुताबिक क्वालिफाइंग कटऑफ पर्सेंटाइल को 15 से घटाकर 5 पर्सेंटाइल कर दिया गया है। अब सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पर्सेंटाइल क्यों घटाया

नेशनल मेडिकल कमीशन के अधिकारियों का कहना है कि इस फैसले का उद्देश्य देश भर में खाली पड़ी पीजी स्तर की मेडिकल सीटों को भरना है। यह फैसला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) और मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एनएमसी) के परामर्श से किया गया।




### पर्सेंटाइल क्या है

पर्सेंटाइल खासकर प्रतियोगी परीक्षाओं में अहम रोल अदा करता है। यह बताता है कि एक व्यक्ति ने बाकी लोगों की तुलना में कितने प्रतिशत लोगों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उदाहरण के लिए 80% का मतलब है कि आपने 100 में से 80 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, 85 पर्सेंटाइल का मतलब है कि आप 85% छात्रों से बेहतर हैं।

### पिछले सप्ताह जारी हुआ था स्ट्रे राउंड का रिजल्ट

बीते सप्ताह एमसीसी ने नीट पीजी स्ट्रे राउंड का रिजल्ट जारी किया गया था। खाली रह गईं 2331 सीटें अलॉट की गई थीं। संभवतः सीटें खाली रहने पर कटऑफ कटौती का यह फैसला लिया गया है। कोई सीट खाली न रह जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए कटऑफ एक बार फिर से घटाई गई है।



## चिंतन

# जर्मनी में दक्षिणपंथ की वापसी के वैश्विक संदेश

जर्मनी में सत्ता परिवर्तन यूरोप में दक्षिणपंथ और कंजरवेटिव के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चांसलर ओलाफ़ शोल्ज़ की करारी हार हुई है। 630 सदस्यीय जर्मन संसद (बुंडेश्टाग) में शोल्ज़ की पार्टी एसडीपी 121 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) में सबसे बड़े व शक्तिशाली देश जर्मनी में चांसलर शोल्ज़ के गठबंधन के नवंबर में टूट जाने के चलते करीब सात महीने पहले ही आम चुनाव कराए गए, जिसमें फ्रेडरिक मर्त्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के कंजरवेटिव गठबंधन को सबसे अधिक सीटें मिली हैं। हालांकि गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल में भी कंजरवेटिव गठबंधन सीडीयू व सीएसयू की जीत का अनुमान लगाया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी में किसी धुर दक्षिणपंथी गठबंधन की इतनी बड़ी जीत हुई है। हालांकि पूर्व में सीडीयू पार्टी की ही एंजेला मर्केल चांसलर रही हैं। जर्मनी में यह परिवर्तन चौंकाता है। यूरोप में उदार व सोशलिस्ट दलों का दबदबा हाल के वर्षों में मजबूत हुआ है, लेकिन स्थानीय स्तर पर आर्थिक व सामाजिक मुद्दे ने कंजरवेटिव ख्यालों वाले दलों के लिए जमीन उर्वरा बना दी है। अर्थव्यवस्था की सुस्त गति, नए रोजगार सृजन की सुस्ती, अप्रवासियों की बढ़ती मौजूदगी, सांस्कृतिक व सामाजिक डेमोग्राफी में बदलाव आदि ऐसी स्थितियां हैं, जिनके चलते कंजरवेटिव दलों को सफलता मिल रही हैं। अमेरिका में भी अमेरिकी राष्ट्रवाद व संरक्षणवाद का नारा लगाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में रिपब्लिकन को विजय मिली है। ट्रंप ने जर्मनी में सत्ता परिवर्तन पर खुशी जताई है और इसे जर्मन राष्ट्रवाद के उदय के रूप में उद्धृत किया है। कंजरवेटिव सीडीयू/सीएसयू गठबंधन की जीत के बाद अब फ्रेडरिक मर्त्ज़ जर्मनी के नए चांसलर बन सकते हैं। 69 वर्षीय मर्त्ज़ के पास सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने देश का बेहतर नेतृत्व करने का लोगों से वादा किया है। खास बात है कि दूसरी धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी 20 प्रतिशत मत पाकर दूसरे स्थान पर है। यानी पहले व दूसरे स्थान पर दक्षिणपंथी दल हैं। जर्मनी में दक्षिणपंथी गठबंधन के सत्ता में आने के बाद यूरोपीय यूनियन के कामकाज पर भी इसका असर पड़ेगा। ईयू में जर्मनी प्रमुख सदस्य देश है। ओलाफ़ शोल्ज़ की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। पार्टी को केवल 16.5 प्रतिशत वोट मिले हैं। ग्रीन्स पार्टी को 12 प्रतिशत मत मिले हैं। जर्मनी में यह चुनाव ऐसे समय में हुए हैं जब यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वर्षों से चले आ रहे ठहराव, अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने का दबाव तथा यूक्रेन के भविष्य, यूरोप के अमेरिका के साथ गठबंधन को लेकर बढ़ती अनिश्चितता जैसी चिंताएं सामने आ रही हैं। जर्मनी में भी अवैध प्रवासी इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा। जर्मनी के अंदर कई हमले हुए हैं जिसे अवैध प्रवासियों ने अंजाम दिया है। यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के व्यवहार ने यूरोप को सकते में डाल दिया है। यूक्रेन युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने रूस का पक्ष लिया है, जबकि यूरोप यूक्रेन के साथ है। जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश और नाटो का प्रमुख सदस्य है। अमेरिका के बाद यह यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है। जर्मनी के इस चुनाव में एलन मस्क व रूस का दखल भी दिलचस्प है। भारत के साथ जर्मनी के रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।



महाशिवरात्रि
श्वेता गोयल

# ध्यान, योग व आत्म-साक्षात्कार की रात

महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है।

हिंदू धर्म में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को होगी। महाशिवरात्रि का तात्पर्य 'शिव की महान रात्रि' से है और इस अवसर पर शिवलिंग की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि का महत्व धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक है। भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भक्त इस पर्व को बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। शिवभक्त इस दिन उपवास रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और भजन-कीर्तन द्वारा भगवान शिव की स्तुति करते हैं। महाशिवरात्रि का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। स्कंद पुराण, शिव पुराण और पद्म पुराण में इस पर्व का विशेष वर्णन किया गया है। शिव पुराण के अनुसार, इस दिन शिवलिंग की पूजा करने से समस्त दोष समाप्त होते हैं और साधक को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन व्रत रखने वाले भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है और उनकी समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कहा जाता है कि जो व्यक्ति महाशिवरात्रि के दिन पूरी रात जागरण करता है और भगवान शिव का ध्यान करता है, वह जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

महाशिवरात्रि को आध्यात्मिक जागृति की रात भी माना जाता है। इस रात ध्यान और योग करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह रात ध्यान और चिंतन के लिए भी बहुत अच्छी है। शैव परंपरा में तो महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है क्योंकि यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। कहा जाता है कि इस रात को भगवान शिव की आराधना करने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। इस अवसर पर भारत के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, सोमनाथ, केदारनाथ, ओंकारेश्वर, तिरुवन्नामलाई तथा अन्य प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भारत में महाशिवरात्रि के अवसर पर अनेक स्थानों पर विशेष मेलों का भी आयोजन किया जाता है। उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर इस दिन भक्तों से खचाखच भरा रहता है और काशी में शिव भक्त गंगा स्नान कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में इस दिन विशेष अनुष्ठान होते हैं। दक्षिण भारत के कई मंदिरों में अभिषेक और रात्रि जागरण का आयोजन होता है। शिव अनादि हैं, शिव अविनाशी हैं और उनकी आराधना मोक्ष और परम आनंद की ओर ले जाती है। शिव को ध्यान और योग का आदिगुरु माना जाता है। शिव का शांत



स्वरूप हमें धैर्य और संतुलन की शिक्षा देता है जबकि उनके रुद्र रूप से हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। शिव अर्धनारीश्वर के रूप में यह संदेश देते हैं कि स्त्री और पुरुष समान हैं और दोनों का समभाव में रहना आवश्यक है। उनके गले में सर्प हमें यह सिखाते हैं कि भय से मुक्त होकर जीवन जीना चाहिए। शिव का त्रिनेत्र ज्ञान, कर्म और भक्ति का प्रतीक है और उनका डमरू सृष्टि की अनाहत ध्वनि का संकेत देता है। महाशिवरात्रि का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक भी है।

यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें जीवन में कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए बल्कि शिव की तरह धैर्य और साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए। शिव हमें यह भी सिखाते हैं कि अहंकार को त्यागकर विनम्रता को अपनाना चाहिए क्योंकि सच्ची शक्ति विनम्रता में ही निहित होती है। शिव अपने गणों और भक्तों को समान दृष्टि से देखते हैं, जिससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें भी सभी प्राणियों के प्रति समान दृष्टि रखनी चाहिए। महाशिवरात्रि हमें भक्ति, ध्यान और आत्म संयम का संदेश देती है। यह पर्व हमें शिव के अद्वितीय स्वरूप को समझने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। शिव हमें सिखाते हैं कि सादगी और सरलता ही जीवन का सार है और सच्ची भक्ति वही है, जो अहंकार और आसक्ति से मुक्त हो। महाशिवरात्रि से संबंधित कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक अन्य कथा के अनुसार, जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया था, तब उसमें से अमृत के साथ विष (हलाहल) भी निकला था। उस विष से समस्त सृष्टि के विनाश का संकट उत्पन्न हो गया था। उस समय भगवान शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया था और वे 'नीलकंठ' कहलाए। उस घटना की स्मृति में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा। महाशिवरात्रि केवल शिव की आराधना का पर्व ही नहीं है बल्कि यह जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने और आत्मचिंतन करने का भी अवसर है। भगवान शिव को 'संहार का देवता' कहा जाता है लेकिन उनका संहार विनाश नहीं बल्कि नवीनीकरण का प्रतीक है। शिव का तांडव नृत्य न केवल विनाश का बल्कि सृजन का भी द्योतक है। यह पर्व हमें जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है और शिक्षा देता है कि नकारात्मकता से बाहर निकलकर सकारात्मकता की ओर बढ़ना ही सच्चा शिवत्व है। महाशिवरात्रि का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि इस दिन पृथ्वी की ऊर्जा विशेष रूप से शिव तत्व से प्रभावित होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो यह समय ब्रह्मांडीय ऊर्जा के प्रवाह का काल होता है, जब ध्यान और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है। योगी और साधक इस अवसर का उपयोग आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति के लिए करते हैं।

इस रात ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है, जो मानव शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। रात्रि जागरण से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और ध्यान तथा साधना से मानसिक शांति प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, भक्ति और साधना का अद्भुत संगम है। यह पर्व हमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। शिव की आराधना से व्यक्ति न केवल सांसारिक जीवन में सुख प्राप्त करता है बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी करता है। इसलिए, महाशिवरात्रि के दिव्य अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में सकारात्मकता को अपनाएंगे, आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होंगे और शिव के आदर्शों को आत्मसात करेंगे।

(लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पर्व विशेष
सोनम लववंशी



# शिवत्व का आह्वान, अनंत से एकत्व की यात्रा

भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और भक्ति की पराकाष्ठा का प्रतीक है। यह पर्व भगवान शिव के विवाह की पावन स्मृति से जुड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर यह उस अनादि क्षण का भी द्योतक है जब शिव ने अपने तांडव से सृष्टि के नाश और पुनरुत्थान का संदेश दिया था। यह रात्रि, जिसमें जागरण, व्रत, अभिषेक और ध्यान के माध्यम से शिवत्व की अनुभूति की जाती है, आत्मा की यात्रा को परमात्मा की ओर ले जाने वाला मार्ग प्रशस्त करती है। शिव ही आदि और अनंत हैं, जिन्हें संहारक और सृजनहार दोनों रूपों में पूजा जाता है। यह भारतीय दर्शन में मात्र एक देवता नहीं, ब्रह्मांड की मूलभूत ऊर्जा के प्रतीक हैं। वे ध्यान के अधिष्ठाता, योग के प्रवर्तक और लोक कल्याण के प्रतीक हैं। शिव उपासना किसी संकीर्ण धार्मिक दायरे में सीमित नहीं है। यह समस्त मानवता को शांति, संतुलन और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने का माध्यम है। महाशिवरात्रि, इस गूढ़ तत्वज्ञान को आत्मसात करने का श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो महाशिवरात्रि की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। यह रात्रि शिवलिंग के प्राकट्य की भी मानी जाती है, जो इस विचार को पुष्ट करती है कि शिवलिंग सृजन और संहार के बीच संतुलन का प्रतीक है। अनेक पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन शिव ने समुद्र मंथन से उत्पन्न हलाहल विष को अपने कंठ में धारण कर विश्व की रक्षा की थी, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह दर्शाती है कि शिव केवल सृजन और विनाश के कारक ही नहीं, बल्कि त्याग और करुणा की मूर्ति भी हैं। आज के युग में जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, जब आत्मकेंद्रितता, भौतिकता और मानसिक अशांति ने लोगों को घेर लिया है, महाशिवरात्रि का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। शिव का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि त्याग, संयम और ध्यान के माध्यम से हम आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। उनका 'भोलेनाथ' स्वरूप हमें सरलता और सहजता अपनाने की प्रेरणा देता है, जबकि उनका 'रुद्र' रूप हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने का संबल प्रदान करता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर रात्रि जागरण और ध्यान की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह योग और आत्मसाक्षात्कार का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह सिद्ध हो चुका है कि इस रात्रि में जागरण और ध्यान से चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। शिव का 'महामृत्युंजय मंत्र' इस पर्व पर विशेष रूप से उच्चारित किया जाता है, जो मानसिक शांति और आरोग्य प्रदान करता है। इस मंत्र का प्रभाव न केवल आध्यात्मिक होता है, यह व्यक्ति की चेतना को भी जाग्रत करता है।

महाशिवरात्रि हमें इस बात की भी याद दिलाती है कि मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। शिव का स्वरूप पर्यावरण प्रेम का परिचायक है। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, गंगा को अपनी जटा में धारण करते हैं और नागों तथा पशुओं के संरक्षक हैं। उनके यह सभी प्रतीक हमें प्रकृति के संरक्षण और संतुलन की महत्ता का संदेश देते हैं। इस आधुनिक युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली बढ़ रही है, तब शिव की साधना हमें सरलता और सादगी का महत्व समझाती है। उनकी ध्यान मुद्रा हमें यह सिखाती है कि बाहरी शोर से दूर रहकर आत्ममंथन ही वास्तविक सुख का मार्ग है। उनकी तीसरी आंख यह इंगित करती है कि केवल बाह्य दृष्टि से नहीं, आंतरिक दृष्टि से भी संसार को देखना आवश्यक है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, ये एक संकल्प है-आध्यात्मिक उत्थान का, आत्मशुद्धि का और मानवता के कल्याण का। इस दिन जब लाखों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित करते हैं, वे अनजाने में ही इस शाश्वत सत्य की ओर अग्रसर होते हैं कि शिव स्वयं अनंत ऊर्जा हैं, जिन्हें हम अपने भीतर भी अनुभव कर सकते हैं। शिव की उपासना केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, यह जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन, शांति और संयम स्थापित करने का एक प्रयास भी है। महाशिवरात्रि हमें यह बोध कराती है कि शिव हमारे भीतर हैं, वे हमारे विचारों, हमारे कर्मों और हमारे आचरण में हैं। यह पर्व हमें अपने भीतर झांकने, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने की प्रेरणा देता है। यह केवल एक रात्रि का पर्व नहीं, एक निरंतर चलने वाली यात्रा है-आध्यात्मिक जागरण की, आत्मसाक्षात्कार की और शिवत्व की ओर बढ़ने की।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
## दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन: कांतिलाल मांडोत*

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
## प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सत्यम शिवम सुंदरम

अधिकतर लोग समझते हैं कि शिव और शंकर एक ही हैं। परंतु वास्तव में शिव रचनाकार है और शंकर रचना है। शिव अशरीरी हैं, तो शंकर सूक्ष्म शरीर धारी देवता हैं। मूलत: शिव इस संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं और जिसे हम सभी परमपिता परमात्मा के नाम से याद करते हैं, वही शिव हैं। जिस प्रकार एक पिता अपनी संतानों से प्रेम करता है और उनके कल्याण के लिए कार्य करता है, वैसे ही हम सब आत्माओं के पिता शिव भी हमसे प्रेम करते हैं और हमारे कल्याण के लिए ही इस धरा पर अवतरित होते हैं, जिसे हम शिव-जयंती व शिवरात्रि के रूप में मनाते हैं। दरअसल हम सभी आत्माएं अपने-अपने कर्मों के अनुसार फल पाते हुए विभिन्न जन्म लेती हैं। सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है।

*-संदीप शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### विपक्ष की स्वीकृति



हमारे विपक्षी दल पहले किसी चीज का उपहास उड़ाते हैं, विरोध करते हैं, चर्चा से भागने का प्रयास करते हैं और अंततः उसको स्वीकृति भी देने के लिए तत्पर होते हैं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी स्नान करके आ गए, यह उनकी स्वीकृति का ही प्रमाण है...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### समय बड़ा बलवान



नेता प्रतिपक्ष होते हुए कई बार विजेंद्र गुप्ता जी के साथ दुर्व्यवहार किया गया । आज वही विजेंद्र गुप्ता जी को दिल्ली विधानसभा का स्पीकर नियुक्त किया गया है । समय बड़ा बलवान है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### बाबा साहेब की फोटो



दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री मोदी जी की फोटो लगा दी। ये सही नहीं है। मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप प्रधानमंत्री जी की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो लगी रहने दीजिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### ब्रह्मांड में कुछ खास




पहले मुझे लगा कि महाकुंभ सिर्फ एक बहुत बड़ा फोटो सेशन बनता जा रहा है। लेकिन अब एहसास हो रहा है कि हर कोई वहां जाने की इच्छा महसूस कर रहा है। क्या ब्रह्मांड में कुछ खास होने वाला है?

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# ट्रंप, पुतिन व मस्क सभी की नेतृत्व शैली एक जैसी



तानाशाही बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यहां तक कि गैर-निर्वाचित उद्यमी एलन मस्क भी 'राजाओं' की तरह हुक्म चला रहे हैं। कुछ लोग इन नेताओं को 'प्रामाणिक' कह सकते हैं क्योंकि वे वही कहते हैं और अक्सर वही करते हैं जो वे मानते हैं। अमेरिका में संघीय अदालत ने नुकसान को रोकने के लिए कार्यस्थल पर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी थी। शोधकर्ताओं का मानना था कि प्रामाणिकता स्वाभाविक रूप से अच्छी और नैतिक होती है। लेकिन जैसे-जैसे प्रामाणिक नेतृत्व अनुसंधान मजबूत प्रयोगात्मक तरीकों के साथ अधिक परिष्कृत होता जा रहा है, इस शक्तिशाली दृष्टिकोण के बारे में हम जो जानते हैं वह तेजी से बदल रहा है। नेता जो कहते हैं और करते हैं, उससे उनके मूल्यों के बारे में शक्तिशाली संदेश मिलता है। डिजिटल युग में जहां हर ट्वीट और सार्वजनिक कार्य की जांच की जाती है, वहां कर्मचारियों और मतदाताओं के लिए इन संकेतों को समझना महत्वपूर्ण है। आज की अस्थिर दुनिया में नेतृत्व करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए प्रामाणिक नेतृत्व व्यक्त करने के इस नए तरीके को अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है।

## ऑफ बीट

# मंगल पर जीवन हमारे पेट के सूक्ष्म जीवों की तरह होगा



अब तक प्रचलित मान्यता यह थी कि जीवन केवल उन परिस्थितियों में ही संभव है, जहां बहुकोशिकीय जीव फलते-फूलते देखे गए हैं। पानी की मौजूदगी, शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान, तटस्थ श्रेणी में पीएच, कम लवणता और सूर्य या समकक्ष ऊर्जा स्रोत का प्रकाश जीवन पनपने के लिए आवश्यक माने जाते थे। हालांकि, 20वीं सदी के मध्य में सूक्ष्मजीव विज्ञानी थॉमस डी ब्रॉक ने 'येलोस्टोन नेशनल पार्क' के गर्म झरनों में रहने वाले बैक्टीरिया की खोज की, जहां तापमान 70 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। हालांकि, उस समय यह खोज दूसरे खगोलीय पिंडों पर जीवन की संभावनाओं की तलाश से संबंधित नहीं थी, लेकिन इसने इसकी वैज्ञानिक संभावनाओं को व्यापक बना दिया। तब से, 'एक्सट्रीमोफाइल' (अति वातावरण में उत्तरजीविता वाले सूक्ष्मजीव) के नाम से जाने जाने वाले जीवों को पृथ्वी पर कई तरह की चरम स्थितियों में पनपते पाया गया है, ध्रुवीय बर्फ में पड़ी दरारों से लेकर गहरे समुद्र में मौजूद उच्च दबाव क्षेत्र तक में। बादलों में छोटे निलंबित कणों से चिपके हुए और मृत सागर जैसे अत्यधिक खारे वातावरण में या रियो टिंटो जैसे अत्यधिक अम्लीय वातावरण में ये बैक्टीरिया पाए गए हैं। कुछ 'एक्सट्रीमोफाइल' उच्च स्तर की विकिरण के प्रति भी प्रतिरोधी होते हैं।

## अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## यूक्रेन जंग पर यूएन में आया प्रस्ताव, भारत ने वोटिंग से कर लिया किनारा

# संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को दोषी ठहराने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा में मंगलवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला। यूक्रेन जंग पर अमेरिका ने अपना रुख पलटा है। अमेरिका ने पहली बार 'यूक्रेनी प्रस्ताव' के खिलाफ रूस के समर्थन में वोटिंग की है। इजरायल ने भी रूस के पक्ष में मतदान किया। भारत, चीन समेत 65 देशों ने मतदान में हिस्सा ही नहीं लिया। प्रस्ताव को 93 वोटों के साथ पारित किया गया। 18 देशों ने इसका विरोध किया। जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे प्रमुख यूरोपीय देशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया है।

### जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों ने किया समर्थन

रूस और यूक्रेन बीच छिड़ी जंग के तीन साल हो गए हैं। युद्ध को 3 साल पूरे होने पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में एक प्रस्ताव पेश किया था। यूक्रेन की उप विदेश मंत्री मारियाना बेत्सा ने यूएन महासभा में यूक्रेन से तत्काल रूसी सेना वापस बुलाने, न्यायपूर्ण शांति की स्थापना और युद्ध अपराधों के लिए रूस को जवाबदेह ठहराने वाले प्रस्ताव पर देशों से समर्थन मांगा। इस प्रस्ताव को जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे प्रमुख यूरोपीय देशों ने समर्थन किया। अमेरिका और इजराइल ने प्रस्ताव का विरोध किया।



### अमेरिकी प्रस्ताव : युद्ध जल्द खत्म हो

अमेरिका ने यूएन में एक नया प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में न तो रूस के हमले का जिक्र था और न ही किसी प्रकार की निंदा की गई थी। अमेरिकी प्रस्ताव में बस दोनों देशों के बीच हुए जान-माल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया गया। अमेरिका ने कहा कि वह युद्ध को जल्द खत्म करने और दोनों देशों के बीच स्थायी शांति की दिशा में काम करना चाहता है।

### यूक्रेनी प्रस्ताव में तीन प्रमुख मांगें

- यूक्रेन से रूसी सेना की तत्काल वापसी
- यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति
- युद्ध अपराधों के लिए रूस की जवाबदेही

# 'इजरायल पर हमला ब्लंडर था'

## 46 हजार की मौत के बाद हमास ने कबूली अपनी गलती

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

गाजा में इजरायली हमले में 46 हजार से ज्यादा लोगों की मौत और भारी तबाही के बाद हमास के एक सीनियर नेता ने कबूल किया है कि 7 अक्टूबर का हमला बहुत बड़ी गलती थी। हमास के विदेश मामलों के मुखिया मूसा अबू मारजूक ने कतर में कहा कि अग उन्हें पता होता कि इस हमले के क्या परिणाम होने वाले हैं तो वह कभी ऐसा नहीं करते। उन्होंने कहा, मैंने कभी भी इस हमले का समर्थन नहीं किया था। इजरायल पर हमले का परिणाम यह हुआ कि गाजा की इमारतें तबाह हो गईं और



हजारों मासूमों की जान चली गई। 74 साल के मारजूक ने कहा कि जो हुआ उसकी पूरी उम्मीद थी। ऐसा नहीं था कि किसी को परिणाम की जानकारी नहीं थी। यूएन का कहना है कि गाजा में 70 फीसदी इमारतें तबाह हो गई हं। इसके अलावा 20 लाख फिलिस्तीनियों को स्थानांतरित होना पड़ा है।

### इधर, इजराइल ने की कैदियों की अदला-बदली स्थगित

इजरायल ने गाजा पट्टी से रिहा किए गए बंधकों के साथ 'अपमानजनक व्यवहार' के बीच 22 फरवरी को पहले से निर्धारित फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली को स्थगित कर दिया। सूत्रों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इजरायल का कहना है कि 600 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई को तब तक के लिए स्थगित किया जा रहा है, जब तक कि 'अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती है और गाजा पट्टी में इजरायली कैदियों को स्थानांतरित करते समय उनके साथ अपमानजनक व्यवहारों के बिना।'

**ईरान से तेल व्यापार करने के चलते की कार्रवाई**

# ट्रंप ने चार भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका ने पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ी कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। जिन कंपनियों पर अमेरिका की ओर से यह प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन सभी का जुड़ाव ईरान के तेल उद्योग से है। प्रतिबंधित की गई इन कंपनियों में कुछ भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिका की ओर से यह कदम ईरान पर दवाब बनाने के लिए लगाए हैं। सोमवार को अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से कथित जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जिनमें से चार भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रतिबंधित भारतीय कंपनियां ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, बीएसएम मरीन एलएलपी, कॉसमॉस लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी हैं।

### इस वजह से की गई कार्रवाई

अमेरिका की ओर से यह फैसला अवैध शिपिंग नेटवर्क को बाधित करने क लिए उठाया गया है। जो एशिया में खरीदारों को ईरानी तेल बेचने के लिए काम करता है। यह नेटवर्क सैकड़ों मिलियन डॉलर के कच्चे तेल के कई बैरल को अवैध शिपिंग के जरिए बेचने की कोशिश कर रहा था। अमेरिका का मानना है कि, तेल राजस्व के जरिए ईरान के आतंकवाद को आर्थिक रूप से मदद दे रहा है। उसके इस कदम से ईरान की आर्थिक गतिविधियों पर नकेल कसेगा और आतंकवाद वित्तपोषण को रोक पाएगा।

**बिटकॉइन घोटाला**

# सीबीआई का देश के 60 ठिकानों पर छापे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिटकॉइन घोटाले के सिलसिले में देशभर में 60 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चंडीगढ़, पुणे, कोल्हापुर सहित कई राज्यों में की गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य उन लोगों को पकड़ना है, जो बिटकॉइन के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। सीबीआई ने पाया कि कुछ लोग बिटकॉइन में निवेश पर अधिक लाभ का वादा करके लोगों को फंसा रहे थे। वे सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से अपनी योजनाओं का प्रचार कर रहे थे। इन योजनाओं में निवेशकों से पैसे लेकर उन्हें क्रिप्टोकरेंसी में बदल दिया जाता था, ताकि धन के स्रोत को छुपाया जा सके. जांच में पता चला कि इन योजनाओं के माध्यम से 350 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है।

### अब तक कहां-कहां हुई छापेमारी?

सीबीआई ने इससे पहले दिल्ली, झारखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान सहित सात राज्यों के 10 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की जा चुकी है। इस दौरान 34.2 लाख रुपये नकद, 38,414 अमेरिकी डॉलर मूल्य की क्रिप्टोकरेंसी, सात मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, तीन हार्ड डिस्क, 10 पेन ड्राइव और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए।

*हम एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार*

# सीएम स्टालिन ने लोकसभा परिसीमन का किया विरोध

एजेंसी ▶▶| चेन्नई




तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति की तीन भाषा नीति को लेकर विवाद चल रहा है। अब तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि राज्य एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। राज्य में लोकसभा परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा के लिए पांच मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला लिया गया है। सचिवालय में कैबिनेट बैठक के बाद सीएम स्टालिन ने कहा कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु पर आठ लोकसभा सीटें कम होने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि तमिलनाडु ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को लागू करके जनसंख्या नियंत्रण किया है। सीएम ने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दलों को सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने राजनीतिक मतभेदों को दूर करके एकजुट होकर बैठक में शामिल होने की अपील की।

### तीन भाषा नीति को लेकर चल रहा विवाद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बीच बीते कई दिनों से जुबानी जंग जारी है। बीते दिनों राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तमिलनाडु में लागू करने से स्टालिन के इनकार पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नाराजगी जाहिर की थी। वहीं स्टालिन, केंद्र सरकार पर जबरन राज्य में इसे लागू करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने राज्य पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। इस आरोप का केंद्र सरकार ने खंडन किया है।




छत्तीसगढ़ शासन
25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
महाशिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
पर्व के पावन अवसर पर
26 फरवरी 2025 को
त्रिवेणी संगम
राजिम में पुण्य स्नान
महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करता हूं, कुलेश्वर महादेव की कृपा सभी पर बनी रहे।
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# 'पठान' के सीक्वल में शाहरुख-दीपिका

तपन बक्सी ▶▶| मुंबई

हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी! 2023 में आई हाई-वोल्टेज स्पाई एक्शन एडवेंचर फिल्म 'पठान' से शाहरुख खान ने अपने कॅरियर में जबरदस्त वापसी की थी। इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अब उसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्वल लेकर आ रही है यशराज फिल्म्स। 'पठान 2' की स्क्रिप्ट लिखने का काम पूरा हो चुका है और फिलहाल डायलॉग्स को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सबसे बड़ी खबर यह है कि इस साल ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तारीख तय हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली इस फिल्म के मुख्य कलाकार इसके सीक्वल में भी बने रहेंगे। यानी हमें फिर से पठान के रूप में शाहरुख खान, रुबीना के रूप में दीपिका पादुकोण,और कर्नल सुनील लूथरा के किरदार में आशुतोष राणा नजर आएंगे। स्क्रिप्ट राइटर अब्बास टायरवाला ने बताया चूंकि 'पठान' की तरह 'पठान 2' में भी तालियों और सीटी बजाने लायक डायलॉग्स होंगे, इसलिए उन्हें और बेहतर बनाने का काम चल रहा है ताकि दर्शकों पर जबरदस्त असर पड़े। हिंदी सिनेमा के दर्शकों को याद होगा कि 2023 में रिलीज हुई



शाहरुख और दीपिका की फिल्म "पठान" ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक नया इतिहास रचा था। इस समय शाहरुख खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी के तहत, सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में "किंग" फिल्म की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अभिनय कर रही हैं। यह फिल्म 2026 के मध्य में रिलीज होने वाली है। यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स में पहले भी कैटरीना कैफ को जोया के रूप में टाइगर फ्रेंचाइजी में दोहराया गया था। इस सीरीज़ की एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और अन्य फिल्मों ने शानदार सफलता हासिल की।

**अब भारत में धूम मचाने तैयार :** लॉस एंजिल्स। 'द बूटलिस्ट' अब भारत में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 28 फरवरी को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ब्रैडी कॉर्बेट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एड्रियन ब्रॉडी, फेलिसिटी जोन्स, गाइ पीयर्स, जो अल्विन, राफे कैसिडी, स्टेसी मार्टिन, इसाक डी बैंकोले और एलेसेंड्रो निवोला जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं।

## आगे खिसकी 'द डिप्लोमैट' की रिलीज डेट



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का दमदार ट्रेलर भी जारी किया गया था, जिसके बाद दर्शकों के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह बढ़ गया, लेकिन अब उन्हें फिल्म की रिलीज के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि 'द डिप्लोमैट' अब तय समय पर रिलीज नहीं होगी। फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। अब यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं।

## एआई के गलत इस्तेमाल से परेशान हुए अमिताभ बच्चन

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लेटेस्ट एपिसोड में शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने एआई पर बात की। अमिताभ ने 'केबीसी 16' के कंटेस्टेंट प्रियांशु से कहा, "मेरा अभी तक एआई के साथ जो परिचय हुआ है, वो गलत ही हुआ है। लोग मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर न जाने क्या-क्या बना देते हैं और लिपसिंक कर देते हैं। फिर आम जनता को लगता है कि ये असल में मैं हूं।' बिग बी यहीं नहीं रुके। उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया। बिग बी ने आगे कहा, एक बार, अफ्रीका से मेरे एक प्रशंसक ने मुझे एक तस्वीर भेजी। बता दूं, मैं उनसे आज तक कभी नहीं मिला। उन्होंने जो तस्वीर भेजी उस तस्वीर में मैं कहीं बैठकर कंप्यूटर पर टाइप कर रहा था। मैंने उससे पूछा कि तुम्हें यह तस्वीर कहां से मिली। उसने कहा कि वह मेरा गाना सुन रहा था और एआई की मदद से ये तस्वीर बना रहा था। वो तस्वीर बिल्कुल रियल लग रही थी। क्या यह संभव है? इस




पर प्रियांशु कहते हैं, 'हां! आजकल डीपफेक की मदद से ये हो रहा है। प्रियांशु ने बिग बी को बताया कि वह आईआईटी में हैं। उन्होंने कहा, एक बार मैंने सोचा था कि डीपफेक का कोर्स करूं, लेकिन इसका सिलेबस देखने के बाद मैंने हाथ जोड़ लिए। बता दें, प्रियांशु 25 लाख रुपए के सवाल तक पहुंचे थे। हालांकि, उन्हें उस सवाल का जवाब नहीं पता था। ऐसे में उन्होंने क्विट कर दिया और 12,50,000 रुपए लेकर चले गए।

## फराह ने उड़ाया गौरव की बीमारी का मजाक

**नई दिल्ली।** अनुपमा शो के स्टार गौरव खन्ना इन दिनों शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ इंडिया में नजर आ रहे हैं जहां वह खूब कुकिंग भी करते हैं। शो में जज के तौर पर फराह खान नजर आती हैं। गौरव को कलर ब्लाइंडनेस की दिक्कत है और वह पहले एक इंटरव्यू में कई साल पहले बता चुके हैं। अब हाल ही में शो के दौरान फराह, गौरव को कुछ ऐसा बोल देती हैं कि सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है और उन्हें काफी इंसेसिटिव बता रहे हैं। दरअसल, हाल ही में एक एपिसोड के दौरान सभी सेलेब्स को फराह का फेमस रोस्ट चिकन बनाने को बोला जाता है। सभी को फराह का रोस्ट चिकन टेस्ट करने को



कहा गया, लेकिन क्योंकि गौरव वेजिटेरियन हैं तो वह टेस्ट नहीं करते और दूसरों से फ्लेवर के बारे में पूछते हैं। इसके बाद वह डिश बना देते हैं, लेकिन प्रेजेंटेशन में उन्हें दिक्कत आती है। जज, गौरव को बोलते हैं कि उन्होंने गलत प्लेट चुनी है प्रेजेंटेशन के लिए। गौरव फिर बताते हैं कि वह कलर ब्लाइंड हैं जिसे सुनकर विकास हैरान हो जाते हैं। फराह बोलती हैं कि क्या बकवास कर रहे हो। वह फिर गौरव को टेस्ट करती हैं और बोलती हैं कि क्या उन्होंने विकास की ब्लू जैकेट देखी जिसका कलर वैसे रेड था। गौरव बोलते हैं कि उन्हें ओरेंज और रेड में दिक्कत होती है।

## हनी ने मेरा करा दिया कमबैक

**नई दिल्ली।** हाल ही में सिंगर, रैपर हनी सिंह ने अपना एक नया गाना रिलीज किया है, इस गाने में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता नजर आ रही हैं। हनी के गाने में ईशा के डांस की खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में



एक्ट्रेस ने भी इस गाने पर बात की। इसे अपने करियर के लिए काफी खास बताया। पैपराजी से बात करते हुए एक्ट्रेस ईशा ने हनी सिंह की तारीफ की है। वह मानती हैं कि हनी के गाने में तहलका मचाया हुआ है। अचानक एक पैपराजी ईशा को कहता है कि आपने तो हनी सिंह का कमबैक करवा दिया। इस पर ईशा कहती हैं कि अरे नहीं, ऐसा नहीं। बल्कि, हनी सिंह ने मेरा कमबैक करवाया। हनी सिंह और ईशा गुप्ता वाले जिस गाने की चर्चा इन दिनों सोशल मीडिया पर हो रही है, उसकी खास बात ये हैं इसमें एक भोजपुरी सिंगर को भी रैपर ने गाने का मौका दिया है। भोजपुरी सिंगर ने जो लिरिक्स हनी के गाने में गाए हैं, वह भी काफी पसंद किए जा रहे हैं।

## ऑस्कर में परफॉर्म करेंगी एरियाना ग्रांडे

**लॉस एंजिल्स।** 97वें ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े सितारे अपना परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं। विकेड फिल्म के चर्चित कलाकार एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो स्टेज पर अपना



परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। वैराइटी के अनुसार, एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो के साथ लिसा की भी प्रस्तुति होने वाली है। लिसा को 'ब्लैकपिंक' ग्रुप पॉप के साथ 'द व्हाइट लोटस' में उनकी हालिया भूमिका के लिए जानी जाती हैं। वैराइटी की न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने लॉस एंजिल्स मास्टर चोरेल की विशेष उपस्थिति की भी घोषणा की गई है। ऑस्कर समारोह का आयोजन 2 मार्च 2025 को होगा। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा। कार्यक्रम एबीसी पर लाइव आएगा और हुलु पर स्ट्रीम होगा।

SHIVA EMBROCATION OIL असली घोड़ा छाप तेल
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362 कापीराइट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, स्वीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91 0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756 6263818152

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड
आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

कुक/कार क्लीनर
आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास, रायपुर में शाकाहारी खाना एवं अन्य घरेलू कार्य करने के लिए पुरुषों की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाकू या किसी प्रकार का नशा न करने वाले व्यक्ति संपर्क करें। संपर्क करें: 9300593000.(RO-1243)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। संपर्क करे - श्याम हार्डवेयर स्टोर्स, डा. सूर के सामने, स्टेशन रोड रायपुर, मो.- 9300908801.(RO-92)

सुपरवाइजर/एकाउन्टेंट
आवश्यकता है- राईस मील में कार्य करने हेतु सुपरवाईजर - 2 पद, एकाउन्टेन्ट - 1 पद, एवं 1 चौकीदार की आवश्यकता है संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9425211223, 8770881478.(RO-3330)

हरिभूमि

सेल्समैन/ऑफिस बॉय
आवश्यकता है- धमतरी जिले के कुरूद तहसील के लिए ट्रैक्टर सेल्समेन एवं ऑफिस बॉय के लिए तत्काल आवश्यकता है। MO- 7880149170, 7880149171, 7880149172. ऑफिस पता- Near Sarojini chowk, NH 30, Khurd Dhamtari (493663)(RO-6234)

सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है ओम ज्वलेर्स शॉप नं.- 64b इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो नं.-7162)

सेल्समैन/ऑपरेटर
आवश्यकता है- थोक व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी ट्रांसपोर्ट लोडिंग व अनलोडिंग के लिए व्यक्ति एंव अनुभवी सेल्समैन, कम्प्युटर ऑपरेटर व हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658. (RO-7252)

इलेक्ट्रीशियन
आवश्यकता है- ट्रांसफार्मर मेंटनेंस एवं इलेक्ट्रिकल पैनल मेंटनेंस कार्य हेतु राईस मिल में इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है। कुल 2 पोस्ट। सम्पर्क करें- 9826136200.(RO-156)

खाना मिस्त्री
आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-36927)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

लेबर कार्य/ड्रायवर
आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490. (RO-6233)

सुपरवाइजर
आवश्यकता है- पोल्ट्री फार्म में रहकर काम करने हेतु । रहने की सुविधा उपलब्ध। सुपरवाइजर (बेसिक कंप्यूटर नॉलेज) वेतन 12000/- से 15000/- संपर्क- जयश्री पोल्ट्री फार्म, NH-53, होटल कोर्टयार्ड के पास, लाभांडीह, रायपुर 9826147575.(RO-91)

आवश्यकता है- दुर्ग एवं बोड़ेगांव स्थित राईस मिल के लिये सुपरवाईजर, की आवश्यकता है उम्र 25 से 30 वर्ष रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेण्डर फ्री दिया जायेगा। संपर्क करें:- मो.- 9303309932 7987085401 (RO-689)

लोडिंग/अनलोडिंग कार्य
आवश्यकता है- हब में कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है,लोडिंग- अनलोडिंग का कार्य है,सैलरी+PF, स्थानीय को प्राथमिकता ,स्थान- दुर्ग, रायपुर। सम्पर्क करे- 91093-10898, 73545- 77811 (आरो नं.-7164)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल्स की अतिशीघ्र आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। रहने की सुविधा उपलब्ध। आकर्षक वेतन। कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं। सम्पर्क: पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपु Mob:- 9893397633 (RO-1636)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3333)

घरेलु कार्य
आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में घरेलू काम , झाड़ पोंछा, चौका, बर्तन तथा साफ सफाई के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, , संपर्क करें 9425205358, 9424205358. (RO-34)

तत्काल आवश्यकता है- घरेलू नौकर बंगले में कार्य हेतु अनुभवी घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः योग्यतानुसार केवल अनुभवी पुरुष उम्मीदवार ही संपर्क करें:- 9109972720.(RO-3332)

सेल्समैन/ऑफिस बॉय
आवश्यकता है- धमतरी जिले के सभी तहसीलों के लिए लोवोल हारवेस्टर सेल्समैन एवं ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। MO- 7880149170, 7880149171, 7880149172. ऑफिस पता- Near Sarojini chowk, NH 30, Khurd Dhamtari (493663)(RO-6235)

टेक्नीशिश्न/चौकीदार
आवश्यकता है- हॉस्पिटल हेतु 1. ईसीजी टेक्निशियन, 2. ट्रैनड एवं अनट्रैनड स्टॉफ मेल/फीमेल, 3. ड्राईवर एम्बुलेंस व घरेलू सभी गाड़ी चलाने, 4.चौकीदार चाहिए, रहने की सुविधा मिलेः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (RO-3303)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

कुली/मजदूर
आवश्यकता है- रायपुर, दोनदेकला स्थित दाल मिल में काम करने के लिए कूली, रेजा, मजदूर की आवश्यकता है, संपर्क करें, 9425205358, 9425525222.(RO-35)

वेल्डर/ठेकेदार
आवश्यकता है- वेल्डर, हेल्पर और केजव्हील, कल्टीवेटर निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार एवं ग्रुप का भाटागांव स्थित फैक्ट्री हेतु। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें- 9425206781.(RO-100)

सेल्समैन/ऑफिस बॉय
आवश्यकता है- कांकेर जिले के सभी तहसीलों के लिए लोवोल हारवेस्टर सेल्समैन एवं ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। MO- 7880149170, 7880149171, 7880149172. ऑफिस पता - रिलायबल डिस्ट्रीब्यूटर सब्जी मंडी के पास फुण्डर चौक रायपुर छ.ग. (492001)(RO-6237)

कम्प्युटर ऑपरेटर
आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई की आयुर्वेदिक कंपनी में COMPUTER ऑपरेटरों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 8000 + योग्यतानुसार। संपर्क - 9109393552, 8269465640.(आरो नं.-691)

अकाउन्ट/मार्केटिंग
आवश्यकता है- महिला कम्प्यूटर, टैली एकाउंट हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग, पीए, आफिस वर्क, चाय+ सफाई पुरुष- मेडिकल मशीन/ ऑर्थो आर्थोपेडिक समान मार्केटिंग एंड सर्विस (अनुभव अनिवार्य नहीं), समान लाने लेजाने हेतु पुरुष, गार्ड (रात+ डॉग हेतु), कार ड्राइवर 14000 से 20000 पता- भारत मेडिकल सिस्टम MIG-70, नेहरू नगर, बिलासपुर 7879177222 पिनाका मेडिकल, Sec-11, कमल विहार, रायपुर 9685489247 .(RO-1410)

छोटा विज्ञापन

ड्रायवर
आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है 11 घंटे ड्यूटी एवं बाइक से होम डिलीवरी हेतु डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है (स्वयं का साधन अनिवार्य) वेतन योग्यतानुसार संपर्क 8602055368.(RO-7207)

सेल्समैन/टेलर
आवश्यकता है- कार्य करने योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें कंप्यूटर ऑपरेटर , सेल्समैन , सेल्स गर्ल्स, टेलर वेतन योग्यतानुसार संपर्क जनता फर्निशिंग होलसेल क्लॉथ मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग फोन : 7999620990 (आरो-1516)

सेल्समैन/ऑफिस बॉय
आवश्यकता है- महासमुंद जिले के सभी तहसीलों के लिए लोवोल हारवेस्टर सेल्समैन एवं ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। MO- 7880149170, 7880149171, 7880149172.ऑफिस पता- लखारगढ़ मेन रोड, पिथौरा महासमुंद (493445)(RO-6236)

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- इंदौर ( मध्यप्रदेश ) आकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलरी 10000 + कमीशन + बोनस + रहना + ट्रैवल फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 15 से 20 हजार महीना कोई joining Fees नही ली जायेगी 9691458250, 7024646229, 9575712101. (RO-306)

अन्य
आवश्यकता है- वनविभाग कम्पनी द्वारा तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या-975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500- 52400) तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309.(RO-701)

क्लासीफाईड

Business व्यापार
व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर - 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

Property प्रापर्टी
प्लॉट बेचना है - रजिस्ट्रीफ्री प्लाट रु 251 की दर से उतई कृष्णा पब्लिक स्कूल रोड खोपली में बेचना है भारतमला नेशनलहाइवे से लगभग 1किलोमीटर पर है यहाँ 30-25फिट मुरुमरोड, पानी पाइपलाइन एवं बिजली की सुविधा है, किस्त की सुविधा है, संपर्क - 9407964899, 7000027363.(आरो 688)

Services सर्विसेस
सर्विस - आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

गांव की कहानी

गोविन्द साव

# भगवान नारायण के आने पर गांव का नाम पड़ा नारायणपुर



छत्तीसगढ़ का बस्तर, सरगुजा और आदिवासी अंचल में प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व के अनेक प्रमाण मिलते हैं। इतना ही मैदानी इलाकों में भी अनेक धार्मिक महत्व के स्थान देखने को मिलते हैं। इसी संदर्भ में माना जाता है कि प्रभु श्रीराम नदी मार्ग से होते हुए मल्हार से वर्तमान बलौदा बाजार - भाटापारा जिला अंतर्गत कसडोल के पास नारायणपुर पहुंचे थे। यह नारायणपुर राजधानी रायपुर से 35 कि मी दूरी पर महानदी के तट पर एक छोटा सा गांव है। नारायणपुर की इतिहास के सम्बन्ध में किंवदंती है कि श्रीराम वनगमन करते हुए नदी मार्ग से मल्हार के रास्ते हुए कसडोल क्षेत्र में प्रवेश कर नारायणपुर पहुंचे थे। इस ग्राम में स्थापित शिव मंदिर की शिल्पकला की कृतियां उत्कृष्ट एवं मनोहारी हैं। इस मंदिर के सम्बन्ध में किंवदंती है कि रामचन्द्र जी वनगमन के समय यहां पहुंच कर इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना कर आगे वनगमन में बढ़े थे, चूंकि स्वयं नारायण (श्रीराम ) के पग स्थान पर पड़े थे। अतः उन्हीं के नाम पर इस स्थान का नाम नारायणपुर रखा गया है।

लोक साहित्य

श्यामा सिंह


# बघेली भाषा का प्रभाव क्षेत्र छत्तीसगढ़ में



मध्य भारत के बघेलखंड में बोली जाने वाली बोली बघेली कहलाती है। प्राचीन ग्रंथों में बघेलखंड का नाम करुष मिलता है। करुष का शाब्दिक अर्थ क्षुधा होता है। बघेली लोक जीवन अभावों और संकटों से घिरा रहा है। बघेलखंड के अन्य नाम भी मिलते हैं जैसे -बघेला, बघेलवारी, घेलान। बघेली मध्य प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एवं कोरिया जिलों में बोली जाती है। बघेली बोली के अन्य नाम भी मिलते हैं जैसे बघेलखंडी, रिमही, रिवाई और रिवॉई। बघेली पहले श्रीहर्ष लिपि में लिखी जाती थी। बघेलखंड के पूर्व में भोजपुरी, उत्तर में अवधी, पश्चिम में बुंदेली और दक्षिण पूर्व में छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ी बोली जाती है। इसी बोली के आधार पर बघेली को तीन भागों शुद्ध बघेली,पश्चिम मिश्रित बघेली और दक्षिणी मिश्रित बघेली। इन तीनों बोली का प्रभाव क्षेत्र भी अलग अलग देखने को मिलता है। इनकी चार उपबोलियों में तिरहारी, गहोरा, जुड़ार और गोंडवानी हैं।

## पुस्तक समीक्षा

# छत्तीसगढ़ी लोकगीतों एवं हिन्दी राष्ट्रीय गीतों का संग्रह




कृति के नाव: छत्तीसगढ़ी लोकगीतों एवं हिन्दी राष्ट्रीय गीतों का संग्रह

लेखक: दानीराम वर्मा

प्रकाशक: वर्मा प्रकाशन रायपुर

पुस्तक समीक्षा: डॉ. डी. पी. देशमुख

लेखक जीवन भर अपने शिक्षकीय दायित्वों को निर्वहन करते हुए अनेक शासकीय क्रियाकलापों को भी सहजता से निभाते रहे। इस दौरान समय निकाल कर लेखन भी करते रहे। अभी आप पूर्णकालीन साहित्य सेवा में लगे रहते हैं। आपकी कई कृतियां पूर्व में भी छत्तीसगढ़ी में प्रकाशित हो चुकी हैं। इसी क्रम में आपने ' छत्तीसगढ़ी लोक गीतों एवं हिन्दी राष्ट्रीय गीतों का संग्रह ' भी प्रकाशित कराया है, जिसमें प्रकृति चित्रण, खेत खलिहान, तीज तिहार, कला संस्कृति के पहलुओं को रेखांकित किया है। नाचा गीत, बरसा आगे, करम फुटहा, बोहरही मेला, महुआ छांव तले, चुल्लू भर पानी में डूब मरेंगे जैसे शीर्षकों से गीत लिख कर आंचलिकत संस्कृति को रखने का अच्छा प्रयास इस पुस्तक में देखने मिल रही है।

आदिवासी मुरिया समाज विभिन्न अवसरों पर कई प्रकार के गीत गाता है, जिसे अलग अलग नाम से पुकारा जाता है। मूरिया जनजाति के लोकगीत प्रायः ' रिलो रोयलो रिलो ' के अलाप से या इसी तर्ज पर गाया जाता है और जिसे भी नेग में गाते हैं उसे वही नाम दे दिया जाता है।



# वैवाहिक अवसरों पर आदिवासी मुरिया समाज का पाटा गीत




संस्कृतिः शिव कुमार पाण्डेय

मंडप में चेलिक मोटियारिन गीत गाते हुए नृत्य करती हैं, इस गीत का नाम पूछने पर वे इसे मांडो पाटा (मंडप गीत) कह देते हैं, जबकि यह करसा पसीहना (कलश परिक्रमा ) का ही एक भाग होता है। इसी तरह जोड़ा पाटा ( विवाह सामग्री सौंपने का एक गीत) के एक भाग को गतलांग होपेकियाना पाटा (साड़ी सौंपने का गीत) कहा जाता है। विवाह के कई अवसरों पर गांव की महिलाएं समधी को आदर देते मजाक करते हुए गीत गाती हैं, इसे ' पारी पाटा ' (समधी गीत) कहा जाता है। इस गीत में समधी से निवेदन किया जाता है कि बेटी अब तुम्हारी हुई, इसको अच्छे से रखना यह अभी अबोध है, इसकी गलती माफ कर देना आदि। यह गीत विदाई का ही भाग है, जिसे समधी के सम्मान में गाया जाता है। इसी तरह करसा पाटा ( खेल गीत) है। यह कोई खेल खेलते हुए नहीं बल्कि मनोरंजन के लिए गाया जाता है। केयना पाटा (बुलावा गीत ) यह वर्षा नहीं होने पर वर्षा के आगमन के लिए गाया जाता है। उदना पाटा ' बैठक गीत ' यह बैठक के समय गाया जाता है। खुशी के पल को उजागर करने करने के लिए कोलांग पाटा गाया जाता है। इस प्रकार आदिवासी मुरिया समाज में हर संस्कार में उनके अपने गीत गाते हैं।



पर्यटनः अर्चना पाठक

# महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन होता है भैंसामुंडा जलप्रपात में



सरगुजा अंचल में अंबिकापुर -बनारस मार्ग में 40 कि मी दूरी पर भैंसामुंडा नामक स्थान है। यहां से एक अन्य मार्ग पर सारासोर स्थल है। इस स्थल पर नदी के तट पर दो पहाड़ियों के बीच से तेज गति में जलधारा बहती है। इस जलधारा के मध्य एक छोटा सा मंदिर है जिसे गंगा धाम के नाम से जाना जाता है। यहां पर टापू के पूर्वी उत्तर एवं पश्चिमी भाग में अथाह जल कुंड है। यहां वर्ष भर पर्यटक आते रहते हैं, तथा महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन भी होता है। यह मेला पहाड़ी की तराई पर निर्मित शिव मंदिर के पास लगता है। इस ऐतिहासिक मेले में अपार भीड़ देखी जाती है। इस ख्याति प्राप्त स्थल को देखने वर्ष भर पर्यटक आते रहते हैं।

सुरता

हरीशचंद्र वाद्यकार

# दूरदर्शिता चित्रित होता था सागर की रचनाओं में

आशावादी रचनाकार गेंदराम सागर जी का जन्म बिलासपुर अंचल के शक्ति तहसील के टेमर गांव में सन 1943 को हुआ था। साहित्य के साथ कला क्षेत्र में रुझान होने के कारण आप अपने गांव के रेत पर मूर्तियां उकेरा करते थे। आप चिंतनशील व्यक्ति थे। शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श शिक्षक के लिए राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार के साथ ही अनेक सम्मान आपको मिले। समाज में फैली विद्रूपताओं को गंभीरता से सोचते और लिखते -

जात पात के भेद मिटाएन
छुआछूत के मेवा रे
जीयत भर ले करबो संगी
छत्तीसगढ़ के सेवा रे
बन के गाज कभू नई बरसन
करबो सबके सेवा रे।

सागर जी का रचना संसार व्यापक रहा है।

आपकी संग्रहित रचनाओं में कैवल्य भजन संग्रह,फूल भंवरा - छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह, गरीबीन के बेटी - छत्तीसगढ़ी खंडकाव्य, धरती मोर परान- छत्तीसगढ़ी नाटक, सती मोह - छत्तीसगढ़ी खंड काव्य। चंद्रहास - खंडकाव्य, श्री भगवती तुलसी चालीसा, श्री साईं चालीसा जैसे अनेक विधाओं पर आपकी लेखनी रही। कला, संस्कृति और साहित्य का अच्छा संतुलन आपके व्यावहारिक दिनचर्या में देखने को मिलता था। अचानक इस दुनिया से वे विदा हो गए। आज सागर जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी रचना संसार से हमारे आसपास ही उपस्थिति का अहसास हमें होता है।



ऐतिहासिक

कृष्णा रंजन

# सरगुजा में उतार चढ़ाव से भरा रहा अजीत सिंह का शासन काल

सन 1759 ई. में सरगुजा मराठों की सेना ने अकस्मात चढ़ाई कर दी और यहां के राजा को बरार की राजा की अधीनता स्वीकार कर लेने पर मजबूर कर दिया। इस समय सरगुजा में अजीत सिंह नामक राजा राज्य कर रहा था। उसे मराठों के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा, क्योंकि वह अत्यंत चालाक और कूटनीतिज्ञ तो था ही, सैन्य दृष्टिकोण से वह कमजोर भी था। समय पाकर सन 1792-93 के मध्य अजीत सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध एक बलवा शुरू करवा दिया और खुद भी उसमें शामिल हो गया। इसका उसे सीधा लाभ मिला।

अजीत सिंह आगे बढ़ कर रांची जिले के बरवे परगना पर अधिकार कर लिया। उधर अंग्रेज सरकार ने अजीत सिंह, जिस बरार के राजा के अधीन था, उसे हस्तक्षेप कर स्थिति सुधारने की प्रार्थना की। बरार के कथित राजा ने तत्काल अजीत सिंह के विरुद्ध कार्यवाही की किन्तु कोई परिणाम नहीं निकला। इसका दुष्परिणाम यह अवश्य हुआ कि हुआ कि अजीत सिंह स्वयं अपने गृह कलह में फंस गया। इसी चिंता में वह अंततः प्राण त्याग दिया। इसके मृत्यु के बाद उसका भाई लाल संग्राम सिंह सक्रिय हो गया। उसने छल से विधवा भाभी से छल कर सरगुजा की राजगद्दी पर बैठ गया। इससे सरगुजा में अशांति फैल गई। अंग्रेजों ने कर्नल जांस को शांति स्थापित करने के लिए सेना लेकर सरगुजा भेजा। यहां शांति स्थापित करने के बहाने अंग्रेजों ने लाल संग्राम सिंह को अंग्रेजी हुकूमत के सामने घुटने टेक कर समझौता करने के लिए मजबूर कर दिया। संग्राम सिंह इस घटना से भूमिगत हो गया और अजीत सिंह के नाबालिक बेटे बलभद्र सिंह के बेटे को सिंहासन पर बैठाया। राज्य कार्य के लिए अजीत सिंह के भाई जगन्नाथ सिंह को अधिकार दिया गया। किन्तु जैसे ही सरगुजा सीमा से अंग्रेज बाहर हुए वह पुनः आ डटा।



## मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से होगा शुरू

# अपने पहले मैच हार चुकी अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच आज होगी कशमकश जंग

एजेंसी ▶▶| लाहौर

इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 8वें मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का सामना इंग्लैंड क्रिकेट टीम से 26 फरवरी को लाहौर में होगा। ग्रुप-बी में मौजूद इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार मिली थी। ऐसे में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम रहने वाला है। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला यह मैच 26 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### इंग्लैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ जीते हैं 2 वनडे

वनडे प्रारूप में अब तक दोनों टीमें कुल 3 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 2 में इंग्लैंड को जीत मिली और 1 मैच को अफगानिस्तान ने अपने नाम किया था। आखिरी बार ये दोनों टीमें वनडे विश्व कप 2023 में आपस में भिड़ी थी, उस मैच को अफगानिस्तान ने 69 रन से जीता था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वो विश्व कप का मुकाबला खेला गया था।



### अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी इंग्लिश टीम

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स चोट के कारण बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड के गेंदबाज पिछले मैच में 352 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके थे। इंग्लिश टीम अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

डकेट ने अपने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 143 गेंदों पर 165 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी इस शतकीय पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए थे। रूट ने भी पिछले मैच में अर्धशतक लगाकर अच्छी फॉर्म के संकेत दिए हैं। अफगानिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज रहमत शाह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली थी।

### संभावित टीमें

**अफगानिस्तान एकादशः** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फजलहक फारूकी और नूर अहमद।

**इंग्लैंड एकादशः** फिलिप साल्ट, बेन डकेट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जो रूट, हैरी बूक, जोस बटलर (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जोफ्रा आर्चर, रेहान अहमद, आदिल राशिद और मार्क वुड।

## बारिश की भेंट चढ़ा द.अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया मैच



एजेंसी ▶▶| लाहौर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच रावलपिंडी में लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया।

अंपायर भारतीय समयनुसार 5 बजकर 40 मिनट पर बाहर आए और लगभग पांच मिनट तक ग्राउंडस्टाफ से बात की और उन्होंने फिर इसके बाद मैच रद्द कर दिया। दोनों टीमों को अब एक-एक अंक से संतोष करना पड़ेगा।

### दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ीं

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका का यह मुकाबला रद्द होने से दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया का अंतिम ग्रुप मैच शुक्रवार 28 फरवरी को लाहौर में अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ है। वहीं दक्षिण अफ्रीका शनिवार को कराची में इंग्लैंड से खेलेगा। अब ये मैच तय करेंगे कि ग्रुप बी से कौन सेमीफ़ाइनल में पहुंचेगा। फैंस इन मुकाबलों का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं।

### अफगानिस्तान और इंग्लैंड मैच पर भी खतरा

अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ अपने शुरुआती मैच हार गईं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड मुकाबले पर भी सकंट के बाद हैं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच मैच न होने की मांग की जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि इंग्लैंड को अफ़गानिस्तान में तालिबान की कार्रवाइयों के जवाब में मैच का बहिष्कार करना चाहिए। लगातार हो रही बारिश और गीले मैदान के चलते इस मैच में टॉस भी संभव नहीं हो पाया।




## अगर कप्तानी का मौका मिला तो केकेआर की अगुआई करने तैयारः वेंकटेश अय्यर

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का कहना है कि अगर उन्हें आईपीएल 2025 में मौका मिला तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है। गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। टीम इस सत्र के शुरुआती मैच में ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से भिड़ेगी। केकेआर ने पिछले सत्र मे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन उन्हें बड़ी नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया और बाद में अपना कप्तान बना दिया।



वेंकटेश ने कहा, "निश्चित रूप से, मैं तैयार हूं। मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है। मैं नेतृत्व में विश्वास करता हूं। एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते यह एक बड़ी भूमिका है।'

### अब तक सभी मैच केकेआर के लिए खेले

बता दें कि वर्ष 2021 में केकेआर में शामिल हुए वेंकटेश को पिछले साल की नीलामी से पहले टीम ने छोड़ दिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ नीलामी में कड़ी टक्कर के बाद 23.75 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया गया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 51 आईपीएल मैच में 1,326 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने सभी आईपीएल मैच नाइट राइडर्स के लिए खेले हैं।

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमले का खतरा

**दुबई।** पाकिस्तान में इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमला होने का खतरा मंडराना शुरू हो गया है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के दौरान पाकिस्तान में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा है। विदेशियों को अगवा करने की भी योजना सामने आई है। हालांकि, अभी तक आतंकी हमले का कोई विश्वसनीय स्रोत या पुख्ता साजिश सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की खुफिया एजेंसियों को भी अपने विदेशी समकक्षों से इस संबंध में जानकारी मिली है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने तो हमले की सूचना के बाद अलर्ट जारी कर दिया है। बता दें कि इस्लामिक स्टेट खुरासन प्रांत सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक क्षेत्रीय शाखा है जो दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। इस संगठन ने पहले भी कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है।



# शिव-पार्वती का विवाह इस पौराणिक मंदिर में हुआ, आज भी धधकता है अग्निकुंड




**नई दिल्ली।** फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस बार महाशिवरात्रि आज (26 फरवरी) को मनाई जा रही है। शिव महापुराण के मुताबिक, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। यही वजह है कि हर साल इस दिन महाशिवरात्रि मनाई जाती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भगवान शिव और माता पार्वती ने सात फेरे कहां लिए थे?

## भगवान शिव और माता पार्वती ने लिए थे सात फेरे

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित त्रियुगीनारायण मंदिर को लेकर कहा जाता है कि भगवान भोलेनाथ ने इसी स्थान पर माता पार्वती के साथ सात फेरे लिए थे। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक, त्रियुगीनारायण मंदिर की स्थापना त्रेता युग में हुई थी। इतना ही नहीं, इस मंदिर का खास संबंध भगवान शिव और माता पार्वती से भी जुड़ा हुआ है।





## यह है मान्यता

पौराणिक कथाओं के मुताबिक, माता पार्वती राजा हिमावत की पुत्री थी। माता पार्वती भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाना चाहती थी। इसके लिए माता पार्वती ने कठिन तपस्या की। माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव शादी को राजी हो गए। इसके बाद माता पार्वती और भगवान शिव ने इसी त्रियुगीनारायण मंदिर में सात फेरे लिए थे। कहा जाता है कि माता पार्वती और भगवान शिव ने जिस अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए थे। वह अब भी जल रही है।

## तीन जल कुंड तैयार किए गए थे

विवाह से पहले देवी-देवताओं के स्नान के लिए यहां तीन जल कुंड का निर्माण किया गया था, जिन्हें रूद्र कुंड, विष्णु कुंड और ब्रह्मा कुंड के नाम से जाना जाता है। इन तीनों कुंड में सरस्वती कुंड से पानी आता है। सरस्वती कुंड की उत्पत्ति भगवान विष्णु की नासिका से हुई थी। इसलिए, ऐसा कहा जाता है कि इस कुंड में स्नान करने से जातकों को संतान सुख की प्राप्ति होती है।

## भगवान विष्णु हुए थे शामिल

पौराणिक कथाओं के मुताबिक, भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह में भगवान विष्णु माता पार्वती के भाई बनकर उनके विवाह में शामिल हुए थे। साथ ही सभी रीति-रिवाजों का उन्होंने ही पालन किया था। इस दौरान ब्रह्मा जी पुरोहित बने थे। इसलिए विवाह के स्थान को ब्रह्म शिला भी कहा जाता है, जो कि त्रियुगीनारायण मंदिर के ठीक सामने स्थित है।

गॉड ऑफ जस्टिस

स्टांप पेपर लेकर आते हैं फरियादी

# महा अदालत, न्याय देवता से इंसाफ मांगने आते हैं श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶| देहरादून

देवभूमि उत्तराखंड अपनी खूबसूरती के लिए दुनियाभर में फेमस है। कहा जाता है कि देवभूमि के कण-कण में भगवान वास करते हैं। यही वजह रही कि बड़े-बड़े ऋषि-मुनि यहां की पहाड़ियों पर तपस्या की

**कौन हैं न्याय के देवता :** उत्तराखंड में न्याय का यह मंदिर अल्मोड़ा में है। इस मंदिर में स्थापित भगवान को न्याय का देवता कहा जाता है। साथ ही इन्हें गोलू देवता के नाम से भी जाना जाता है।

## विदेश से भी आते हैं लोग

मान्यता है कि यहां देश ही नहीं, विदेश से भी लोग न्याय मांगने के लिए आते हैं। इसीलिए, इस मंदिर को गॉड ऑफ जस्टिस के नाम से भी जाना जाता है।

## एफिडेविट के साथ लगती है कोर्ट

मान्यता है कि लोग यहां एफिडेविट (चिट्ठी) के साथ अपनी फरियाद लेकर आते हैं। मुराद पूरी होने के बाद लोग भगवान गोलू देवता को घंटी चढ़ाते हैं।



## लड़ाई में प्राण न्यौछावर कर दिए

कहा जाता है कि गोलू देवता चंद राजा बहादुर शासन काल में सेवा में जनरल थे। एक लड़ाई के दौरान उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। उन्हीं के सम्मान में मंदिर की स्थापना की गई है।

## मंदिर का निर्माण किसने करवाया?

इसके बाद 12वीं शताब्दी में चंद्रवंश के सेनापति ने गोलू देवता का मंदिर का निर्माण करवाया। यहां के लोग इस बात से अनजान हैं कि यह मंदिर कब और कैसे बना? न ही इसके कोई प्रमाण मिलते हैं।

## हर मनोकामना होती है पूर्ण

कहा जाता है कि मंदिर के दर पर आए हर भक्त की मनोकामना पूरी होती है। यहां आने वाले लोग चिट्ठी में अपनी मन्नत लिखते हैं और भगवान को अर्पित करते हैं।

## कब बनकर तैयार हुआ मंदिर?

मंदिर का स्वरूप देखकर अंदाजा लगाया जाता है कि 19वीं शताब्दी में यह मंदिर बनकर तैयार हुआ होगा। इस मंदिर में मौजूद भगवान गोलू देवता को भगवान शिव और विष्णु का अवतार भी माना जाता है।

## जज बनकर न्याय देते हैं भगवान शिव

इतना ही नहीं, कई लोग तो स्टांप पेपर पर लिखकर अपने लिए न्याय मांगते हैं। इसे गोलू देवता जज बनकर उन्हें न्याय देते हैं और भक्तों की मन्नत को पूरा करते हैं।

## गोलू देवता मंदिर कैसे पहुंचे

न्याय देने वाला 'चितई गोलू मंदिर' अल्मोड़ा से 8 किलोमीटर दूर पिथौरागढ़ हाईवे पर स्थित है। यहां सफेद घोड़े पर बैठे सफेद पगड़ी बांधे गोलू देवता की प्रतिमा है। इनके हाथ में धनुष बाण है।

## शादी के लिए आते हैं लोग

मान्यता यह भी है कि जिन जोड़ों की शादी इस मंदिर में होती है, उनका साथ जन्मों-जन्मों तक बंध जाता है। पिछले कुछ सालों में यहां होने वाली शादियों की संख्या बढ़ी है।

## इन नामों से भी पहचान

गोलू देवता को ग्येल देवता, राजवंशी देवता, गौर भैरव और गोल्ज्यू महाराज आदि जैसे नामों से भी जाना जाता हैं। जो कि शिव भगवान के अवतार माने जाते हैं।

# 5 साल की बच्ची से अनाचार का प्रयास, विरोध पर की हत्या, 14 वर्षीय बालक अभिरक्षा में

**बिलासपुर (हरिभूमि न्यूज)।** निमार्णाधीन मकान के टायलेट में लापता 5 वर्षीय बच्ची की लाश मिलने व सिर में चोट के निशान मिलने से सनसनी फैल गई। एसपी ने घटनास्थल पहुंचकर शव का निरीक्षण कर प्रथम दृष्टया हत्या मानते हुए अधिकारियों को हत्यारे की पतासाजी करने का निर्देश दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने 3 घण्टे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। 14 साल के बालक ने बच्ची को टायलेट में ले जाकर जोर जबरदस्ती कर अनाचार की कोशिश की। बच्ची ने विरोध किया तो लकड़ी के बत्ते से सिर में हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अपचारी बालक को अभिरक्षा में ले लिया है। कोनी सेमरताल निवासी मनोज सूर्यवंशी ने बताया कि उसकी दो पत्नी हैं। दूसरी पत्नी बृहस्पति बाई उसके तीन बच्चे कासमी 7 साल, कनिका 5 साल, कृतिका 1 साल हैं। उसने बताया 24 फरवरी को रोजी मजदूरी के करने के बाद शाम 6 बजे पति पत्नी घर गए। उसके बाद वह शराब पीने के लिए चला गया, पौने 7 बजे घर लौटा तो उसकी दूसरे नम्बर की बेटी कनिका घर में नहीं थी। उन्होने कालोनी के बाहर दुकान में बेटी की पतासाजी की किन्तु जानकारी नहीं मिली। 25 फरवरी को बेटी के लापता होने की रिपोर्ट लिखाने सरकण्डा थाना गए। थाने में बैठकर रिपोर्ट लिखा रहे थे, सुबह 10 बजे मिस्त्री काम करने के लिए निमार्णाधीन मकान पहुंचे। प्रेम नामक मिस्त्री काम करने के लिए फर्स्ट फ्लोवर के टायलेट में गया तो उसने वहां बच्ची को देखा। उसने अन्य मिस्त्री व मजदूरों को लाश मिलने की जानकारी दी।




# सड़क हादसे में गर्भवती समेत दो महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में सोमवार शाम लगभग 5:30 बजे केशकाल घाटी के दसवें मोड़ में बेकाबू ट्रक ने मोटरसाइकिल को रौंद दिया। इस दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल हुई गर्भवती महिला को केशकाल पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई है। केशकाल पुलिस जांच कर रही है।

केशकाल थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि घाटी में सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायल महिला को केशकाल अस्पताल पहुंचा दिया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि मृतिका धनेश्वरी सलाम 7 महीने की गर्भवती थी। जो अपने पति संदीप सलाम व जेठानी के साथ सोनोग्राफी करवाने कांकेर गई हुई थी। सोनोग्राफी करवा कर सभी लोग मोटरसाइकिल से अपने घर हिचका (धनोरा) लौट रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ।




## सुबह होगा पोस्टमार्टम

केशकाल बीएमओ डॉ. डीके बिसेन ने बताया कि उक्त सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं दूसरी महिला को सिर में गम्भीर चोट आने के चलते उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। लगभग 15-20 मिनट तक उपचार करने के दौरान उसकी भी मौत हो गई है। सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।










## महाशिवरात्रि पर अपनों को भेजें भक्ति भावना से भरे ये संदेश

**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का बड़ा महत्व है। आपभी महाशिवरात्रि पर अपने दोस्तों, करीबियों और रिश्तेदारों को शुभकामनाएं भेज सकते हैं।

ॐ में ही आस्था, ॐ में ही विश्वास, ॐ में ही शक्ति ॐ में ही सारा संसार। ॐ से ही होती हैं अच्छे दिन की शुरुआत। हर हर महादेव, हैप्पी महाशिवरात्रि!

भोलेनाथ की कृपा से आपका जीवन खुशियों से भर जाए। शिव की महिमा आपको नई ऊंचाइयों तक ले जाए. महाशिवरात्रि 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं!

काल भी तुम और महाकाल भी तुम, लोक भी तुम और त्रिलोक भी तुम, शिव भी तुम और सत्य भी तुम! महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं।

शिव की भक्ति से मन को शांति और जीवन में तरक्की मिले। महाशिवरात्रि 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं!

शिव की महिमा अपरंपार, शिव करते सबका उद्धार, उनकी कृपा आप पर बनी रहे, महाशिवरात्रि 2025 की शुभकामनाएं।

एक पुष्प, एक बेलपत्र, एक लोटा जल की धार, भोला कर दे सबका उद्धार!




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com